# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: coe@suksn.edu.in

पत्रांक-5337 /सि0वि0वि0/प0नि0का0/2025 दिनांक 20—12—2025

सेवा में,

1—समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी (परिसर)
सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

2—समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक
सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**विषय— मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विकसित एडवाईजरी पोर्टल पर राज्य के अधीन आने वाली संस्थाओं के विषय विशेषज्ञों को पोर्टल पर पंजीकरण कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय उपसचिव, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर (म0प्र0) के पत्र सं0 9882/53/2025/चयन दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 द्वारा आयोजित चयन परीक्षाओं तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों हेतु विभिन्न संकाय के विषय विशेषज्ञों का डाटाबेस तैयार किये जाने हेतु आयोग के एडवाजरी पोर्टल के लिंक https:/mppsc.mp.gov.in/login पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं राज्य विश्वविद्यालयों के इच्छुक शिक्षकों का पंजीकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर (म0प्र0) द्वारा आयोजित चयन परीक्षाओं तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मलित होने के लिए इच्छुक सम्बन्धित शिक्षक उक्त सूचना से अवगत होने का कष्ट करें।

**संलग्नक—यथोपरि।**

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. उपसचिव, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर।
2. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
5. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

**परीक्षा नियंत्रक**

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

रेसीडेंसी एरिया, डेली कॉलेज
दूरभाष 2701624,2701983
Email- secretarypsc-mp@nic.in

क्रमांक 9882/53/2025/चयन

इन्दौर, दिनांक 14 OCT 2025

प्रति,

1) अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
समस्त राज्य

2) कुलसचिव,
केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं राज्य विश्वविद्यालय,
समस्त राज्य

विषय :- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विकसित एडवायज़री पोर्टल पर आपके राज्य के अधीन आने वाली संस्थानों के विषय विशेषज्ञों को पोर्टल पर पंजीकरण करने हेतु निर्देश प्रदान करने बाबत्।

---000---

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा एक एडवायज़री पोर्टल विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं, चयन प्रक्रियाओं तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों हेतु विभिन्न संकाय के विषय विशेषज्ञों का एक व्यापक और अद्यतन जानकारी संकलन कर डेटाबेस तैयार किया जाना है।

2/ इस पोर्टल के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकृत विशेषज्ञों की सेवाएं जैसे:- प्रश्न पत्र निर्माण, मूल्यांकन, साक्षात्कार बोर्ड के पैनल विशेषज्ञ, पाठ्यक्रम निर्माण व अन्य विशेषज्ञ के रूप में आदि कार्यों हेतु समय-समय पर आयोग के अति महत्वपूर्ण/संवेदनशील गोपनीय कार्य कराए जा सकेंगे।

3/ आपके राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी एवं शोध संस्थानों आदि को राज्य शासन स्तर से निर्देशित किए जाने का अनुरोध है कि वे अपने-अपने संस्थानों से विषय-विशेषज्ञों का पंजीकरण इस पोर्टल के माध्यम से करवाए जाने हेतु अनुरोध है।

एडवायज़री पोर्टल की लिंक :- (https://mppsc.mp.gov.in/login)

आपके सहयोग एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

संलग्न :- आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति।

उपसचिव
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
इन्दौर (म.प्र.)

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर (म.प्र.) 452001

विज्ञप्ति क्रमांक 13342/04/2022/आई.टी. इन्दौर, दिनांक 01 JAN 2025

## विज्ञप्ति

<u>विषय-विशेषज्ञों हेतु ऑनलाइन पोर्टल के संबंध में सूचना</u>

आयोग द्वारा जारी विज्ञापनों के अनुक्रम में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए विषय-विशेषज्ञों को गोपनीय कार्य हेतु आमंत्रित किया जाता है। उक्त गोपनीय कार्य करने के इच्छुक विषय-विशेषज्ञ अपना बायोडाटा, वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध लिंक/टैब "विषय-विशेषज्ञ पोर्टल" के माध्यम से आयोग को प्रेषित कर सकते हैं।

31/12/24

परीक्षा नियंत्रक